[This question paper contains 4 printed pages.]

Sr. No. of Question Paper : 311 **D** **आपका अनुक्रमांक................**

Unique Paper Code : 205341

Name of the Course : **B.A. (Prog.) Hindi**

Name of the Paper : प्रश्नपत्र 11 : आधुनिक भारतीय भाषा : हिंदी 'ग' (MIL HINDI C)

Semester : III

Duration : 3 Hours Maximum Marks : 75

छात्रों के लिए निर्देश

1. इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए।
2. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
3. प्रत्येक प्रश्न के सभी भागों के उत्तर एक ही स्थान पर लिखिए।

1. निम्नलिखित पद्यांश के आधार पर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए -

कुछ दिन बीते मास्टर ने यह कड़ा विरोध-पत्र लिख डाला

"ताम-झाम थे प्रजातन्त्र के, लटका था सामन्ती ताला

मन्त्री जी, इतनी जल्दी क्या आजादी का पिटा दिवाला

अजी आपको उस दिन मैंने नाहक ही पहनाई माला"

(i) प्रस्तुत पंक्तियाँ किस कविता से ली गई हैं ? इसके कवि का नाम लिखिए। (2)

(ii) मास्टर ने विरोध पत्र में क्या लिखा ? (3)

(iii) 'ताम-झाम' से क्या अभिप्राय है ? (3)

(iv) 'सामंती ताला' से कवि किस ओर संकेत कर रहा है ? (2)

P.T.O.

2. निम्नलिखित गद्यांश के आधार पर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए -

भारत प्राचीन काल से ही विविध धर्मों का प्रांगण रहा है। प्राचीन भारत में हिन्दू, जैन और बौद्ध धर्मों का उदय हुआ, परन्तु इन सभी धर्मों और संस्कृतियों का पारस्परिक सम्मिश्रण और प्रभाव-प्रति-प्रभाव इस प्रकार हुआ कि लोग भले ही भिन्न-भिन्न भाषाएँ बोलते, भिन्न-भिन्न धर्मों को मानते और भिन्न-भिन्न सामाजिक रीति-रिवाजों पर चले हों, पर सारे देश में सभी की एक सामान्य जीवन पद्धति है। हमारे देश में विविधताओं के बावजूद भीतर से गहरी एकता झलकती है।

(i) प्रस्तुत गद्यांश के पाठ और लेखक का नाम लिखिए। (2)

(ii) प्राचीन काल से भारत में कौन-कौन से धर्म प्रमुख थे ? (1)

(iii) भारत में विविधताओं के बावजूद किन कारणों से एकता है ? (1)

(iv) भारत में किन क्षेत्रों में विविधता है ? (1)

3. 'चंद्रमा के देश में' निबंध में किन लोगों पर व्यंग्य किया गया है - स्पष्ट कीजिए। (5)

अथवा

'घंटी' कहानी का प्रतिपाद्य लिखिए।

4. (क) ब्रज **अथवा** हरियाणवी बोली का परिचय दीजिए। (5)

(ख) राष्ट्रभाषा के रूप में हिंदी की स्थिति स्पष्ट कीजिए। (5)

(ग) मानक भाषा की विशेषताएँ लिखिए। (5)

5. (क) निम्नलिखित गद्यांश के आधार पर प्रश्नों के उत्तर दीजिए -

देशभक्त अपनी मातृभूमि को सच्चे हृदय से प्रेम करता है। यदि एक ओर उसे अपने अतीत के गौरव पर गर्व है तो दूसरी ओर वह अपने भविष्य को भी उज्ज्वल बनाना चाहता है। वह सदैव समाज में क्रांति चाहता किंतु वह क्रांति न विशृंखल की जा सकती है और न नागरिकता के प्रतिकूल। समाज में प्रचलित रूढ़ियों एवं अंधविश्वासों के विरूद्ध वह क्रांति करना चाहता है जो देश की उन्नति के पथ की बाधाएँ हैं। लोगों में एकता, प्रेम और सहानुभूति उत्पन्न करना, उनमें

राष्ट्रीय, सामाजिक एवं नैतिक चेतना जागृत करना तथा उन्हें कर्तव्यपरायण बनाना ही सच्ची देशभक्ति है ।

(i) उपर्युक्त गद्यांश का शीर्षक लिखिए । (1)

(ii) लेखक समाज की प्रगति के पथ में किन को बाधाएँ मानता है ? (2)

(iii) लेखक के अनुसार सच्ची देशभक्ति किसे कहते हैं ? (2)

(ख) निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध कीजिए -

(i) मैंने घर जाना है ।

(ii) एक पानी का गिलास लाओ ।

(iii) पिछले शुक्रवार को क्या दिन था ?

(iv) वह टांग से लंगड़ा है ।

(v) अनेकों लोग दिखाई दे रहे हैं । (5)

(ग) किन्हीं पाँच मुहावरों और लोकोक्तियों का अर्थ स्पष्ट करते हुए उन्हें वाक्य में प्रयोग कीजिए -

(i) ईद का चाँद होना

(ii) चुल्लू भर पानी में डूब मरना

(iii) पानी-पानी हो जाना

(iv) हक्का-बक्का रह जाना

(v) अब पछताए होत क्या जब चिड़िया चुग गई खेत

(vi) नाच न जाने आंगन टेढ़ा

(vii) ओखली में सिर दिया तो मूसल से क्या डर

(viii) जाके पैर न फटी बिवाई सो क्या जाने पीर पराई (5)

6. (क) प्रतिवेदन से आप क्या समझते हैं ? प्रतिवेदन लेखन की प्रक्रिया स्पष्ट कीजिए। (7)

अथवा

अपने महाविद्यालय में हुए वार्षिकोत्सव पर प्रतिवेदन तैयार कीजिए।

(ख) मोबाइल स्टोर खोलने के लिए मोबाइल कम्पनी के प्रबन्धक को पत्र लिखिए। (8)

अथवा

बीमा पॉलिसी के खो जाने की सूचना देते हुए बीमा कंपनी के प्रबंधक को पत्र लिखिए।

7. किसी एक विषय पर लगभग 250 - 300 शब्दों में निबंध लिखिए -

(क) बेरोजगारी की समस्या

(ख) राजनीति में महिलाओं का स्थान

(ग) छात्रसंघ चुनाव

(घ) मेरा प्रिय नेता (10)